>

Title :Need to formulate a special scheme for the welfare and development of weavers in Sitapur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती कैसर जहां (सीतापुर): उत्तर प्रदेश राज्य का सीतापुर संसदीय क्षेत्र अत्यधिक पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र के खैराबाद व लहरपुर में छोटे-छोटे बुनकर बड़ी तादाद में हैं। उनकी जीविका का एक मात्र सहारा हथकरघा ही है। उनके द्वारा बनाये गये दरी व कालीन देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी मशहूर है। इस क्षेत्र से भारी मात्रा में दरी व कालीन निर्यात किए जाते हैं लेकिन गरीब छोटे-छोटे बुनकरों को उनके उत्पादों का वाजिब मूल्य नहीं मिल पाता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि सीतापुर संसदीय क्षेत्र के खैराबाद व लहरपुर के हथकरघा बुनकरों के कल्याणा व विकास हेतु एक कार्य योजना बनाकर उनको प्रशिक्षण दिलाने तथा उनके उत्पादों का वाजिब मूल्य दिलाए जाने हेतु आवश्यक पहल करें।